पत्रांकःके०वि०...66......./2023

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य,

1. तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर कोड (कोड–ACEMMZ20001)।
2. मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इन्द्रानगर,गोई मिश्रलगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा (कोड–ACBIDR20001)।

पटना, दिनांक 17/02/2023

विषयः– डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन (D.P.Ed.) **पाठ्क्रम संचालित सत्र 2022–24 में नियमानुसार वैध नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि विस्तार करने के संबंध में।**

प्रसंगः– (i) पत्रांक– टी0 टी0 प्रे0–077/2023.दिनांक–03.02.2023
(ii) समिति द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–पी०आर० 39/2023
(iii) पत्रांक–54, दिनांक–11.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र एवं समिति द्वारा प्रसारित विज्ञप्ति का कृपया अवलोकन किया जाए जिसके माध्यम से विषयांकित पाठ्क्रम के सत्र–2022–24 के विद्यार्थियों का ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन एवं शुल्क दिनांक–04.02.2023 से दिनांक–11.02.2023 एवं दिनांक–12.02.2023 से 16.02.2023 तक की अवधि में जमा किए जाने हेतु आवश्यक निदेश दिया गया है/सूचना संसूचित की गई।

2. समिति आँकड़ों के अनुसार दिनांक–16.02.2023 तक दोनों महाविद्यालयों के सत्र–2022–24 के विद्यार्थियों के ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन एवं शुल्क जमा किए जाने की स्थिति निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | महाविद्यालयो का नाम | दिनांक–16.02.2023 तक सूचीकरण आवेदन की स्थिति | शुल्क जमा होने की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (i) | तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, मुजफ्फरपुर (कोड–ACEMMZ20001) | 27 | शून्य |
| (ii) | मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इन्द्रानगर, गोई मिश्रलगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा (कोड–ACBIDR20001) | 44 | शून्य |

3. दोनों महाविद्यालयों हेतु स्वीकृत सीट के विरूद्ध सूचीकरण की संख्या अल्प है। इससे विधिवत नामांकित विद्यार्थियों के सूचीकरण से वंचित रह जाने की आशंका है।

अतएंव परीक्षार्थी हित में ऑनलाईन सूचीकरण आवेदन व शुल्क जमा किए जाने की **तिथि–17.02.2023 से 24.02.2023** तक विस्तारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त अवधि तक महाविद्यालय में विधिवत् नामांकित वैध अभ्यर्थित्व वाले **शत–प्रतिशत** विद्यार्थियों का ऑनलाईन

सूचीकरण आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त अवधि के पश्चात् सूचीकरण का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। तथा किसी प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी समस्त जवाबदेही आपकी होगी।

विश्वासभाजन

17/2/23

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : के०वि० 66 / पटना, दिनांक : 17 / 02 /2023